**Title**: Need to direct the Government of Rajasthan not to reappropriate the central funds sanctioned for the purpose of tackling the drought situation.

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) :** राजस्थान सरकार के पास 75 करोड़ रुपए की धनराशि गत वर्ष की, और भारत सरकार की ओर से 105 करोड़ की धनराशि तथा 100 करोड़ की राशि अकाल समस्या का समाधान करने के लिए प्राप्त की, परंतु प्रथम रकम के बारे में जो एन.ओ.सी. देनी थी वह नहीं दी।

राजस्थान सरकार ने उपरोक्त धनराशि का उपयोग अकाल राहत में खर्च नहीं कर अन्य कार्यों में कर दिया, जो अनुचित है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राजस्थान सरकार को पाबंद किया जाए कि वह केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गई धनराशि का उपयोग अकाल राहत के लिए ही करें और इस कार्य में राजस्थान के सांसदों को विश्वास में लिया जाए।